(c) Yes, Sir.

(d) Coast Guard ships and aircraft maintain a constant vigil in the Indian Exclusive Economic Zone, especially in the areas prone to poaching by foreign fishing vessels, in order to deter poaching activities in the EEZ.

Use of IAF aircrafts by VVIPs

465. SHRI P. UPENDRA : Will the Minister of DEFENCE be pleased to state :

(a) whether special I.A.F. aircrafts have been earmarked for use by VVIPs like the President, Vice-President, Prime Minister and Defence Minister; and

(b) whether these aircrafts can be used by other Ministers also, if so, for what purposes?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF DEFENCE (SHRI S. KRISHNA KUMAR): (a) and (b) IAF have earmarked some aircraft for use- by the President, the Vice President and the Prime Minister. If these aircrafts are not required for the use of the aforesaid dignitaries, the Defence Minister and other Ministers ere also entitled to use them for essential journeys.

रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन द्वारा निजी क्षेत्र को प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण

466. श्री अजीत जोगी :
कुमारी सुशीला तिरिया :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन ने अनेक नई प्रौद्योगिकियों का विकास किया है जो कि निजी क्षेत्र के उद्योगों को हस्तांतरित की जा रही हैं ;

(ख) क्या इन प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के माध्यम से किया जाता है अथवा किसी अन्य संगठन के माध्यम से ; और

(ग) सातवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन द्वारा निजी क्षेत्र के उद्योगों को कितनी प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण किया गया तथा उनका ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (श्री एस० कृष्ण कुमार): (क) जी, हां।

(ख) प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण रक्षा अनुसंधान विकास संगठन द्वारा सीधे ही तथा राष्ट्रीय अनुसंधान विकास निगम के माध्यम दोनों ही प्रकार से किया जा रहा है ।

(ग) सातवीं योजना की अवधि में 153 रक्षा अनुसंधान विकास संगठन प्रौद्योगिकियों को निजी क्षेत्र के उद्योगों को हस्तांतरित किया गया है । प्रौद्योगिकियों का विषयवार विवरण इस प्रकार है :–

विषय	हस्तान्तरित प्रौद्योगिकियों की संख्या
इलेक्ट्रानिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन	63
यांत्रिक इंजीनियरी	16
विशेष वाहन	7
धातु विज्ञान	5
रासायनिक प्रक्रियायें	24
खाद्य प्रौद्योगिकी	27
वस्त्र एवं प्राकृतिक वास मदें	6
जल शुद्धिकरण	5